"टैक्स चोरी बढ़ रही है" शीर्षक से समाचार

4641. **श्री मूल चन्द डागा :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 15 जून 1984 के "दैनिक जागरण" में "टैक्स चोरी बढ़ रही है" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया गया है ; यदि हां तो क्या सीमा शुल्क और उत्पादन शुल्क से सम्बन्धित तथ्य सही है ;

(ख) यदि नहीं, तो तत्संबंधी वास्तविक तथ्य क्या है ;

(ग) कर चोरी को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गई है और कर वंचना में लगे हुए लोगों विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ; और

(घ) कर वंचना के लिए दण्डित किए गये लोगों का ब्योरा क्या है और पिछले तीन वर्षों के दौरान उन से दरों की कितनी राशि वसूली की गयी है ?

वित्त मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. एस. कृष्णा) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन-पटल पर रख दी जाएगी।

मध्य प्रदेश में दो रुग्ण मिलों का राष्ट्रीयकरण

4642. **श्री दलीप सिंह भूरिया :** क्या **वाणिज्य**, मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य की दो रुग्ण मिलों के राष्ट्रीयकरण संबंधी कोई मामला केन्द्रीय सरकार को भेजा हैं ; और

(ख) यदि हां तो उस पर क्या कारंवाई की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में और पूर्ति विभाग मंत्री (श्री निहाल रंजन लास्कर) : (क) जी हां।

(ख) राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह वित्तीय संस्थाओं के साथ परामर्श करते हुए इन मिलों में से एक को पुनः खोलने के प्रयास करे। अन्य मामले में राज्य सरकार से इसकी भावी व्यवस्था के संबंध में निर्णय लेने के अनुरोध किया गया है।

Transfer of Officials Belonging to Scheduled Castes/Scheduled Tribes Working Under Field, Administrative Cell of Carpet Weaving Training Centre in U.P.

4643. SHRI R P. YADAV : Will The Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) the number and details of transfer officials belonging to Scheduled Caste/Scheduled Tribes working under the Field Administrative Cell of Carpet weaving Training centres in Uttar Pradesh from 1st July, 1983. to 1st July, 1984 ;

(b) the number and details of such officials, whose salary, etc. have been delayed and withheld ;

(c) whether any increase in such instances mentioned in parts (a) and (b) have been reported, if so, details thereof ; and

(d) the steps taken/proposed to be taken in this regards ?